तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

13 धान खरीदी में लापरवाही पर गिरी गाज, दो कर्मचारियों...



14 रिहायशी इलाके में दिन में हाईवा का आतंक...





## खबर संक्षेप

### राजिम में महिला अस्मिता एथलेटिक्स लीग 24 को



**राजिम।** एथलेटिक्स संघ के जिला अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत राजिम में अस्मिता महिला वर्ग में 14 वर्ष व 16 वर्ष से कम उम्र के एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में भारत के कुल 300 जिलों में महिला अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जा रहा है। गरियाबन्द जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा यह आयोजन 24 नवम्बर को बालिका वर्ग में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे से शासकीय राजीव लोचन कालेज खेल स्टेडियम राजिम में होगा। इस खेल में खिलाड़ी भाग ले सकते है। खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रथम, द्वितीय, तृतीय को दिया जायेगा। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में सम्पन्न होगा। आयोजन को निशुल्क रखा गया है। जिसमें 14 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़ , लंबी कूद, ऊंची कूद,गोला फेंक, 600 मीटर दौड़, किट्स भाला फेंक, 16 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद ,तवा फेंक, गोला फेंक ,भाला फेंक में भाग ले सकते है। इस संदर्भ में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू को आमंत्रित करने जिला अध्यक्ष शरद पारकर,रमेश पटेल, पूरन यादव ने विधायक निवास राजिम में सौजन्य मुलाकात कर आमंत्रित किये।

### दो सामुदायिक भवनों के लिए 19.49 लाख स्वीकृत

**गरियाबंद।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर बीएस उइके ने 2 निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख 49 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार इनमें विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम पंचायत मैनपुर में सरस्वती शिशु मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी तरह विकासखण्ड छुरा एवं नगर पंचायत छुरा अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्रत्येक दोनों निर्माण कार्य के लिए क्रमशः 10 लाख रूपये एवं 9 लाख 49 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व भी क्रमशः मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मैनपुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत छुरा को सौंपा गया है।

# 161 परिवारों को पीएम आवास योजना के तहत मिले पक्के मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के 161 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान की सौगात मिली है। तर्री रोड स्थित ऋषिदास वैष्णव सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी के हाथों नगर के 161 परिवारों को स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना का अनुज्ञा पत्र वितरण किया गया। जिसमें सर्वाधिक 54 अनुज्ञा पत्र वार्ड क्रमांक 15 स्लम बस्ती देवार पारा के परिवार सम्मिलित थे। लाभार्थी अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर खुश थे। उक्त अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि जनता ने विश्वास कर मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई थी। जिसका लाभ नगरवासियों को निरंतर मिल रहा है। आगामी दिनों में और भी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलेगा। विष्णु देवसाय के सुशासन में छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति एवं विकास की ओर अग्रसर है।

नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साय सरकार बनने के बाद नगर में विकास के अनेकानेक कार्य हो रहे है। अब तक नगर में कुल 292 प्रधानमंत्री आवास की अनुज्ञा हितग्राहियों को मिल चुकी है। 131 प्रधानमंत्री आवास निमार्णाधीन है। मोदी जी ने गरीब एवं वंचित लोगो के हित में लगातार कार्य कर रही है।

## नवापारा को पीएम आवास की सौगात, सर्वाधिक 54 देवारपारा में



### भाजपा सरकार गरीब हित में कर रही कार्य

भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने अनुज्ञा प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार गांव, गरीब एवं वंचित लोगों के हित में कार्य करने वाली सरकार है। देश की जनता ने लगातार मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। उक्त अवसर पर पालिका सभापति सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, पूजा कंसारी, जग्गू यादव, निर्मला-धीरज साहू, ककती सोनवानी, नम्मु ध्रुव, लोमेश्वरी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता परदेशी राम साहू, सिंटू शौरभ जैन, चेतन साहू, धनमती साहू, साधना सौरज, मुकुंद मेश्राम सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : ओडिशा सीमा पर अवैध धान परिवहन करने वाले तस्कर सक्रिय, जिला प्रशासन ने कसी कमर

# एसडीएम की संयुक्त टीम ने पकड़ा 418 बोरी धान, कई घंटों तक चला हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग ओड़िसा सीमा से लगे ग्रामों में अब धान खरीदी प्रारंभ होते ही हलचल तेज हो गई है लेकिन अवैध भंडारन करने वालों पर कार्यवाही करने जिला प्रशासन कमर कस लिया है। बिते बुधवार की रात माने तो धान के अवैध परिवहन और डम्पिंग करने वाले कारोबारियों के लिए आफत बन कर आयी। देर शाम मैनपुर अनुभाग के एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम और अमलीपदर के तहसीलदार सुशील कुमार भोई देवभोग तहसीलदार अजय चंद्रवंशी को मुखबिर से सूचना मिली कि उरमाल चेकपोस्ट से होकर अवैध धान उरमाल में डम्प होना है। स्थानीय प्रशासन ने इस पर नजर रखना शुरू कर दिया रात के ठीक 9:00 बजे सीजी 23 एम 6922 की 1109 वाहन तेज़ रफ्तार से नाका पार करती हुई उरमाल के एक जनपद सदस्य के गोदाम में पहुंची मैनपुर एसडीएम और अमलीपदर, देवभोग तहसीलदार और मण्डी निरीक्षक रजनीकांत तिवारी की संयुक्त टीम पिछा करते गोदाम तक पहुंची और गोदाम रेड कर वाहन पर मौजूद लगभग 250 बोरी और करीबन 168 बोरी धान गोदाम से जप्त कर मण्डी अधिनियम के तहत कारवाई की है।उधर देवभोग पुलिस ने भी तीन पीकअप के 150 बोरी और 40 बोरी डम्प अवैध धान पर ताबाडतोड कारवाई की है इस कारवाई से अवैध धान के कारोबार में हड़कंप मच गया है।

**बौखलाए परिजनों का कई आरोप और 15 घंटे चलता रहा हंगामा-** 250 बोरीयों अवैध धान से भरी 1109 वाहन जब गोदाम में घुसी कारोबारी के परिजन और कमऍयों ने गेट बंद कर दिया बुलाये जाने पर जब कारोबारी नहीं आये तो एसडीएम, तहसीलदार और मण्डी निरीक्षक ने पंचनामा तैयार कर ताला तोड़कर तस्दीक करना शुरू कर दिया जिस पर बौखलाये परिजन मौके पर पहुंच कर भारी हंगामा किया स्थानीय प्रशासन कारवाई के दौरान परिजनों से सहयोग करने अपील करते रहे पर सहयोग नहीं मिलने से आगे की कारवाई दूसरे दिन पूरी की गयी।

**सरकारी भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू, चला बुलडोजर-** अमलीपदर तहसीलदार सुशील कुमार भोई ने बताया उक्त व्यवसायी और जनपद सदस्य परमेश्वर मालू ने सरकारी जमीन जिसका किस्म घास भूमि है पर कई वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा है उसपर भी कारवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है अवैध बांउड्रीवाल पर प्रशासन का बुलडोजर चल गया 15 घंटे तक चली कारवाई में परिजन और लिगल एडवाइजर प्रशासन के कारवाई पर रह रह कर सवाल खड़े करते रहे जमकर हंगामा ▶▶|शेष पेज 12 पर



### सीजन की सबसे बड़ी कार्रवाई

सरकार समर्थन मूल्य पर किसान का उपार्जन खरीदी करती है इस का फायदा उठाने अवैध धान के बिचौलिए महिने भर से सक्रिय हो जाते हैं ओड़िसा सीमावर्ती क्षेत्रों के मार्गों में चेकपोस्ट तो लगाएं जाते हैं पर दबंग कारोबारी बेखौफ इस काले काम को अंजाम देते हैं। इसी बात का फायदा उठाकर उरमाल के कारोबारी भी ओडिशा के अवैध धान को खपाने छत्तीसगढ़ में परिवहन कर रहा था जिसे एसडीएम मैनपुर डॉ. तुलसीदास मरकाम के अगुवाई में स्थानीय प्रशासन अमलीपदर और देवभोग की संयुक्त टीम ने जप्त कर उरमाल खरीदी केंद्र को सुपुर्द कर दिया है माना जा रहा समर्थन मूल्य पर खरीदी में इस सीजन के प्रतिबंधित समयावधि में यह सबसे बड़ी कारवाई है।

## धान खरीदी सीजन में साइबर क्राइम से पुलिस ने किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जिले सहित क्षेत्र में धान खरीदी सीजन की शुरुआत के साथ किसानों की सालभर की मेहनत अब धनराशि के रूप में उनके बैंक खातों में आने लगी है। इसी बीच ठग और साइबर अपराधी भी सक्रिय हो रहें हैं। किसानों की आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले के एसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में थाना छुरा के थाना प्रभारी पवन वर्मा ने किसानों को सावधान रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है, वहीं सभी खरीदी केन्द्रों में जागरूकता पोस्टर लगाए जा रहे हैं ताकि हर किसान तक सुरक्षा संदेश पहुंचे और किसी भी धोखाधड़ी से बचाव हो सके। किसान बैंक में लेन-देन के दौरान एहतियात रखें। बैक से सहायता हमेशा केवल अधिकृत कर्मचारियों से ही ले और पैसे निकालने के बाद उन्हें सार्वजनिक स्थान पर गिनने से बचें। इसके साथ ही, बैंक आने जाने के दौरान चौकसी रखना जरूरी बताया गया है। एडवाइजरी में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नकदी को वाहन की डिक्की में न रखें और सफर के दौरान अनावश्यक रूप से कही रूके नहीं। ज़रूरत महसूस होने पर परिवार के किसी सदस्य को साथ लेकर बैंक जाएं। साइबर ठगी के बढ़ते खतरों को देखते हुए पुलिस ने किसानों को चेतावनी दी है कि वे अपने ओटीपी,पीन और युपीआई पासवर्ड किसी को भी न बताएं। बैक कभी फोन पर व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगता, इसलिए ऐसे काल को तुरंत धोखाधड़ी मानकर अनदेखा करे। पुलिस ने झूठे कस्टमर केयर, लिंक शेयरिंग, फर्जी ▶▶|शेष पेज 12 पर



## जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसम्बर को

# 16 जिले में अमीन भर्ती परीक्षा के लिए 756 परीक्षा बनाए गए

### परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले अभ्यर्थियों पर होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 07 दिसम्बर 2025 को प्रदेश के 16 जिलों में जलसंसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 2 लाख 29 हजार 970 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में प्रदेश के 33 जिले के अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के लिए 16 जिले में 756 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इसके लिए परीक्षार्थी को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुँचना होगा ताकि उनका फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूँकि यह परीक्षा प्रातः 12:00 बजे से प्रारंभ होने जा रहा है अतः मुख्य द्वार 11:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बाह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा हेतु आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर बिना पॉकेट वाली, की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर उतारकर सुरक्षाकर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बाह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षार्थी फुटवियर के रूप में चप्पल पहने, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आना होगा।

■ 2 लाख 29 हजार 970 अभ्यर्थी होंगे शामिल


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

### कल के अंक में देखें

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


# युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खेल एवं युवा कल्याण द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से 'युवा रत्न सम्मान' योजना इस वर्ष 2025-26 से लागू की गई है। इस योजनांतर्गत व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्येश्य से राज्य शासन ने इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों, संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आवेदन 30 नवम्बर 2025 तक आमंत्रित किए गए है।

खेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना में विभिन्न क्षेत्र जैसे- असधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य (पुरस्कार राशि 2 लाख 50 हजार रूपये एवं 5 लाख रूपये) 1 युवा तथा 1 स्वैच्छिक संगठन, सामाजिक, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण क्षेत्र, युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास), युवा रत्न सम्मान (मीडिया) युवा रत्न सम्मान (स्वास्थ्य), युवा रत्न सम्मान (विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी), युवा रत्न सम्मान (दिव्यांगजन), युवा रत्न सम्मान (कला एवं संगीत) एवं युवा रत्न सम्मान (लोककला) में सम्मान किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक क्षेत्र ▶▶|शेष पेज 12 पर

## समस्या : केरी फॉरवर्ड के नाम पर लोग तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे

# धान खरीदी शुरू, लेकिन एग्री स्टेक और कैरी फॉरवर्ड के भंवर में फंसे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश में आदिम जाति समिति द्वारा धान खरीदी प्रारंभ किया गया है जिसमें अब कई प्रकार की समस्याएं आ रही है ,पहले तो एग्री स्टेक में पंजीयन है तो अब केरी फॉरवर्ड के नाम पर लोग तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, ग्राम लोहझर के किसान राजेश यादव ने बताया कि 24 मार्च को एग्री स्टेक में पंजीयन कराया एवं पावती ली, फिर समिति द्वारा पजीयन नहीं दिखाई जाने पर अक्टूबर में पुनः पंजीयन कराया एवं पावती ली, अब धान के लिए टोकन लेने जाने पर कहा की आपका रकबा अभी भी नहीं दिखाई दे रहा है उसके लिए आपको केरी फॉरवर्ड करना पड़ेगा, अपने कागज लेकर आने पर पता चलता है कि यहां तो किसानों के भीड़ उमड़ी है काफी मशक्कत के बाद पता चला कि धान बेचने क लिए पंजीयन का कुछ रखबा कैरी फॉरवार्ड से छूट गया है, इस संबंध में जब तहसीलदार से चर्चा किया तो उन्होंने कहा कि हमको भी इसकी कोई जानकारी नहीं है और कैसे होगा हम बता भी नहीं सकते। इस संबंध में तहसील का ऑपरेटर जो कर दें जो बता दे, इसी प्रकार किसान रामेश्वर साहू ने बताया कि विगत वर्ष जिस पर्ची में 25 किवंटल धान भेजा था अब चेक करने पर पता चलता है कि उसमें सिर्फ 15 क्विंटल धान का टोकन है, विगत दो-तीन वर्ष पूर्व खेत खरीदी, खेती कर रहे हैं किंतु जब धान बेचने जा रहे हैं तब पता चल रहा है कि रिकॉर्ड में पुराने कृषक का नाम दिख रहा है, दोपहर तक 20-25 किलोमीटर तय करके सिर्फ कैरी फॉरवर्ड करने के लिए तहसील कार्यालय पहुंच रहे, एग्री स्टेक के लिए 25 नवंबर तक की समय सीमा दिया है इससे पता चलता है कि जितने किसान का पंजीयन 25 तक नहीं हुआ तो उन्हें धान बेचने से वंचित होना पड़ सकता है धान खरीदी का शुभारंभ हो गया है। पर जमीनी हकीकत तो कुछ और ही है।

**आज भी किसान धान खरीदी मंडी से लेकर तहसील कार्यालय का लगा रहे चक्कर-** उपसरपंच संघ के अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे ने कहा कि आज भी किसान धान खरीदी मंडी से लेकर तहसील कार्यालय तक चक्कर लगा कर ठोकरे खा रहे है क्योंकि प्रशासनिक अधिकारियों की सुस्त रवैये और उदासीनता के कारण एग्रिस्टेक से लेकर कैरी फॉरवर्ड के भंवर में फसे पड़े हैं और अभी तक बहुतायत किसानों का रिकॉर्ड में नाम ही नहीं बता रहे हैं कारण कैरी फारवर्ड के अंतर्गत लगभग 2500 किसान चक्रव्यूह में फसे पड़े हैं। आखिर इतना किसान का रकबा संसोधन, वारिसान और नया पंजीयन का अचानक से बढ़ोतरी का कारण क्या है यदि समय सीमा के अनुसार प्रशासनिक व्यवस्था कर्तव्यपूर्ण रूप से कार्य किया होता। तो यह सब विभिन्न प्रकार के समस्याओं का सामना किसानों को नही करना पड़ता। इसमें किसकी लापरवाही माना जायेगा।

### किसान कैरी फारवर्ड और एग्रिस्टेक हैं क्या समझ नहीं पा रहे



यदि प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहते किसानों के प्रति तो इतना कठिनाईयों का सामना अन्नदाताओं को नही होता,आखिर किसानों को क्यू हल्का में लेते हैं उच्च जिम्मेदार अधिकारी यदि समय सीमा के अनुरूप कार्य नहीं करते और किसानों को दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं तो जिम्मेदारी किसकी हैं, किसानों की मुख्य समस्या धान मंडी समिति में किसानों का ऋण पुस्तिका के माध्यम से नाम ही नहीं बताना नाम नही बताने पर तहसील कार्यालय जाना पड़ेगा, तहसील कार्यालय जाने के बाद चॉइस सेंटर जाना पड़ेगा फिर धान मंडी समिति जाना पड़ेगा यही चक्रव्यूह में फसे पड़े हैं किसान ज्यादातर किसान कैरी फारवर्ड और एग्रिस्टेक हैं क्या चीज इसको समझ नहीं पा रहे हैं, किसान कैरी फॉरवर्ड का मतलब है, पिछले साल धान बेचने के लिए पंजीकृत किसान का पंजीयन अगले साल खुद ही आगे बढ़ जाना, जिससे उसे हर साल नए सिरे से दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ते। यह प्रक्रिया मुख्य रूप से धान खरीदी के दौरान काम आती है, लेकिन इसके लिए किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल पर भी पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यदि किसान के भूमि रिकॉर्ड में कोई समस्या होती है, तो वे कैरी फॉरवर्ड सूची से बाहर हो जाते हैं और धान नहीं बेच पाते।

## खबर संक्षेप



### परीक्षा केंद्र यथावत रखने की मांग, प्राचार्य को ज्ञापन

**अभनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शासकीय नवीन महाविद्यालय तामासिवनी में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा केंद्र को यथावत रखने की मांग की। विभाग संयोजक राधेश्याम साहू,जिला संयोजक भावेश नवरंगे व नगर मंत्री अनीस सूर्यवंशी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा विश्वविद्यालय को परीक्षा केंद्र को अन्य महाविद्यालय स्थानांतरित करने हेतु पत्र भेजा गया है, जिसका विद्यार्थियों एवं विद्यार्थी परिषद ने कड़ा विरोध किया है। यह महाविद्यालय पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से संचालित है और पूर्व में भी यहां सफलतापूर्वक परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। इसके बावजूद इस वर्ष प्राचार्य द्वारा परीक्षा केंद्र बदलने का प्रयास किया गया है, जिससे विद्यार्थियों में रोष व्याप्त है। परीक्षा केंद्र को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना छात्रों के साथ अन्याय है और इससे उन्हें अनावश्यक परेशानी होगी,परीक्षा केंद्र को बदलने का निर्णय छात्रों के हित में नहीं है, इसलिए इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। इस दौरान हिमेश साहू, प्रतिम कुर्रे, मयंक दुबे, युवराज ठाकुर, तोषण सोनवानी, आकाश सूर्यवंशी, सुनील यादव, आकाश बघेल, इंद्रकुमार सहित विद्यार्थी परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि काशीपाली मोड़ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम मनोहर उर्फ बैगा निषाद पिता खिद्रो निषाद (60 साल) पोटापारा थाना सरायपाली जिला महासमुंद का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत करीबन 600 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मोबाइल छीनने का प्रयास, असफल रहने पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** मोबाइल छीनने में असफल रहने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। मामला तुमगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस को प्रार्थी मनोज कुमार डहरिया ने बताया कि वह 19 नवंबर को शाम 6.30 बजे शाम तुमगांव एनएच 53 रोड के शौचालय में ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान दो अज्ञात लोग मोटर साइकिल में आये और उसका मोबाइल छीनने लगे, जिनसे उसने अपना मोबाइल छुडाया, तब उक्त लोगों ने उस पर कई बार चाकू से वार कर दिया। प्रार्थी ने बताया आरोपियों में एक मोटा और एक पतला था। पतले व्यक्ति ने सिर में सफेद गमछा बांधा हुआ था। चाकू से हमला करने के बाद वे लोग पिथौरा की और भाग गये । मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जतमई-घटारानी रोड डकैती के 7 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/छुरा



जतमई-घटारानी रोड पर हुई डकैती की वारदात का गरियाबंद पुलिस ने महज़ 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया। थाना छुरा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक अपचारी बालक भी शामिल है। घटना 18 नवंबर 2025 की है। प्रार्थी तुलेश्वर सेन अपने साथियों डिगेश्वर यादव और कलीराम यादव के साथ घटारानी मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान केडियामा तालाब के पास तीन मोटरसाइकिलों में सवार सात युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और गाली-गलौज करते हुए तीनों के साथ मारपीट कर तीन मोबाइल फोन और 4400 रुपए लूटकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 115(2), 310 (2) भा.न्या.सं. के तहत डकैती का मामला दर्ज किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद थाना छुरा और साइबर सेल की टीम ने मुखबिरों को सक्रिय करते हुए संदेही युवकों तक पहुंच बनाई। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के तीन मोबाइल, नगद रकम, दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद कर जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों को विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में सत्यम साहू, टिकु उर्फ टिकेश्वर यादव, हेमंत उर्फ हिरेश साहू, करन साहू, योगेश्वर उर्फ योगु निषाद, राहुल गेंडरे और एक अपचारी बालक शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि योगेश्वर निषाद, राहुल गेंडरे और सत्यम साहू पूर्व से ही विभिन्न थानों में दर्ज आपराधिक मामलों में आरोपी रहे हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# कौंदकेरा ने दिखाया रास्ता, बेसहारा मवेशियों की समस्या का खुद खोजा स्थायी समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



बेसहारा मवेशियों की समस्या अमूमन हर गांव में है और किसान तरह तरह के जतन कर इन मवेशियों से अपनी फसलों की रक्षा करने में जुटे हुए हैं, लेकिन ग्राम कौंदकेरा के किसानों ने बेसहारा मवेशियों की समस्या का स्थाई समाधान खोज लिया है।इन ग्रामीणों ने हर वर्ष की ही तरह इस वर्ष भी गांव के आसपास खेतों में खरीफ के फसलों को नुकसान पहुंचा न सके इसलिए बेसहारा मवेशियों को एक बाड़े में एकत्रित कर लिया है और उन्हें वहीं चारा–पानी उपलब्ध करा रहे हैं।अब ग्रामीण शासन की योजना का मुंह न तांक कर गांव के पास ही गोठान में अस्थाई गौशाला जैसा रूप देकर मवेशियों को सुरक्षित किया गया हैं,ताकि अगामी वर्षों में भी उनकी फसलें इनसे बची रह सकें।

इस समस्या को सुलझाने के लिए ग्राम के ग्राम सभा के प्रमुखों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक आहूत किया और अस्थायी गौशाला का रूप देकर फसल को बेसाहारा मवेशियों को सुरक्षित करने एवं उसके चारा और पानी का व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए ग्राम प्रमुखों ने मवेशियों के चारा व्यवस्था करने के लिए ट्रैक्टर में पैरा लाने के लिए अपने से जुटे हुए है। इस कार्य मे ग्राम सभा के अध्यक्ष केजू टण्डन,सचिव मनोज विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष संतराम साहू,जनपद प्रतिनिधि चद्रिरका कुर्रे,उपाध्यक्ष सनत चेलक,परस साहू,फुलजी साहू,हीरालाल साहू, होमन टण्डन, चुम्मन साहू सहित ग्राम के प्रमुखों ने मवेशियों के लिए चारा व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। ज्ञात हो कि पिछले कुछ वर्षोंर् में इलाके में बेसहारा मवेशियों की संख्या बहुत अधिक बढ़ गई है। गांवों में ये मवेशी खरीफ और रबी सीजन के समय फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।इनसे फसलों को बचाने के लिए ग्रामीणो द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया।इन दिनों खरीफ सीजन की फसलें खेतों में खड़ी हैं और लगभग हर गांव में बेसहारा मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# बंजर जमीन का चरोटा बना मुनाफे का सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

बंजर जमीन को हरा-भरा कर सोने उगलने वाली खरपतवार चरोटा आज धान की बराबरी कर रहा है। मालूम हो कि आज धान की किलो समर्थन मूल्य पर 31 रुपए किलो शासन द्वारा खरीदी की जा रही, वहीं चरोटा प्रति किलो 25 रूपए व्यापारियों द्वारा खरीदा जा रहा है। चरोटा का पौधा व बीज भले ही आम आदमी के लिए खरपतवार है, लेकिन आज की स्थिति में इसका विदेश में बीज व दाल की डिमांड खूब है। यह पौधा शहर व गांव में बंजर जमीन और सड़क के किनारे प्राकृतिक तौर पर उगता है। इसे उगाने के लिए हल चलाने की जरूरत नहीं है, और न ही किसी प्रकार के धन व मेहनत खर्च करने की नहीं है। चरोटा बीज व दाल के व्यवसाय से जुड़े व्यापारी इकबाल मेमन, हरिहर देव यादव, दिलीप जायसवाल,महेश मानिकपुरी ने बताया कि चरोटा का बीज कीमती है, जिसे उनके फार्म द्वारा खरीदा जाता है। मशीन से उसे दाल बनाकर चाइना, जर्मनी और वियतनाम को भेजा जाता है। यह बीज प्रोटिन से परिपूर्ण होता है। जिससे कई तरह की सामग्री बनती है चरोटा बीज अभी



वर्तमान में 21 रुपए प्रति किलो और थोक में 25 रुपए प्रति किलो के भाव से खरीदा जा रहा है। यह बीज बस्तर जिले और ग्रामीण क्षेत्र में सबसे ज्यादा आवाक होती है। विदेश में कई मशीन व प्लांट लगी है, जिसमें विभिन्न प्रकार की सामग्री बनाई जाती है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के ग्रामीण इस पौधे के पत्ते का उपयोग भाजी की सब्जी के रूप में करते हैं।

**चरोटा की विदेश में मांग-** क्षेत्र में कृषि कार्य संपन्न होने के बाद महिलाएं चरोटा बीज लुने जाने लगे हैं, चरोटा पेड़ को काटकर साड़ी में बांध कर घर लाते हैं और गांव की गलियों या सड़क पर बिछा देते जिसमें चार पहिया वाहन आने जाने से बीज झड़ जाता है, और फिर बचे-खुचे बीच को डंडा से पीटकर उसे सफाई कर बाजार में बेचते हैं। 15 साल पहले इस बीज को व्यापारी नमक के बदले देते थे। जैसे जैसे इस बीज की मांग बढ़ती गई वैसे इसकी कीमत भी बढ़ती गई। हरिहर देव यादव ने बताया कि चरोटा की विदेश में बहुत मांग है, इसके बीज से कास्मेटिक, विभिन्न प्रकार के औषधि निर्माण केटलफीड ( मुर्गी का दाना ) काफी व कई सामाग्री के निर्माण में उपयोग किया जाता है। पिछले चार-पांच साल से मांग अधिक और पूर्ति कम होने के कारण दाम आसमान पर है। चरोटा से अनेक प्रकार की औषधियों, खाद्य सामग्री,कई प्रकार के प्रोटिन युक्त पाउडर, काफी,बावासीर उपचार की दवाइयों सहित कई समाग्रियों के निर्माण में होता है। वनांचल क्षेत्र में अभी ग्रामीण इकठ्ठा करने में जुटे हुए हैं।

### संभागायुक्त ने एसआईआर के कार्यों का किया अवलोकन

**महासमुंद।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण रायपुर संभागायुक्त महादेव कांवरे ने गुरुवार को किया। इस दौरान संभागायुक्त कांवरे ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को शामिल करना तथा अपात्र मतदाता को हटाना हैं। सभी बूथ लेवल ऑफिसर सत्यापन कार्य को अत्यंत गंभीरता और निर्देशों के अनुरूप पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में गलत प्रविष्टि स्वीकार्य नहीं की जाएगी।

## निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग इस ओर हीं दे रहा ध्यान

# मैनपुर ब्लाक में 50 से ज्यादा सौर उर्जा स्ट्रीट लाइट देख रेख के अभाव में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में डेढ़ दो वर्ष पहले लाखों -करोड़ों रूपये खर्च कर गांव-गांव सौर उर्जा स्ट्रीट लाईट लगाई गई है लेकिन यह सिर्फ चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। अधिकांश ग्रामों में यह स्ट्रीट लाईट खराब होकर बंद पड़ी हुई है और इस ओर न तो निर्माण एजेंसी ध्यान दे रहा है न ही संबंधित विभाग जिसके चलते ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है स्ट्रीट लाईट जो लगाई गई है उसके कल पूर्जे निम्न स्तर होने की शिकायत क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने जनपद और जिला पंचायत के बैठक में उठा चूके है और तो और सोलर स्ट्रीट लाईट खरीदी में नियम का पालन नही करने की भी शिकायत किया जा चूका है बावजूद इसके आज तक इस मामले में कोई जांच नही होने से लोगो में जहां आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं गुरूवार को बड़ी संख्या में मैनपुर पहुंचे लोगों ने इस मामले में फिर एक बार शिकायत पत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नाम भेज कर जांच करने की मांग की है साथ ही निर्माण ऐजेंसियों से राशि वसूली किए जाने की मांग किया गया है। आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में क्रेडा विभाग द्वारा लाखो रूपये खर्च कर कई ग्रामो में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाई गई है जो सरकार की काफी महत्वपूर्ण योजना है और इसका लाभ ग्रामीणों को जैसा मिलना चाहिए नही मिल पा रहा है कारण सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाने के बाद विभाग के अधिकारियो द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके कारण मेंटेनेश नही हो पा रहा है और जगह -जगह लगाए गए स्ट्रीट लाईट के बल्ब खराब हो गए हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में प्राथमिक शाला के सामने सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाया गया है लेकिन इसके सिर्फ दो बल्ब जल रहे है कई बार नगर के लोगो ने सौर ऊर्जा विभाग के अधिकारियो से मरम्मत की मांग कर चुके है लेकिन उनके कानो में जूं तक नही रेंगती इस ओर ध्यान देने वाला कोई नही है।

### मरम्मत के नाम पर सिर्फ दिखावा

क्षेत्र के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, सान्तुराम, निहाल नेताम, इलियाल बाघमार, जीवन कुमार, मनमोहन ठाकुर, राधेलाल ध्रुव व वरिष्ठ जनो ने बताया कि जब भी ग्रामीण इस मामले की शिकायत करते है संबंधित निर्माण एजेंसी महज दिखावा के लिए मेंटेनेंस करने का ड्रमा कर वापस लौट जाते है और समस्या जस के तस बनी हुई है क्षेत्र में 50 से अधिक स्थानो पर लाईट बैटरी खराब हो गई है जिसके कारण बंद पड़ा हुआ है सीनापाली, केकराजोर, मटिया, ध्रुर्वागुड़ी, मुरमुरा, जिड़ार, मोगराडीह, कोकड़ी, मुनगापदर, मरोदा के ग्रामीण लगातार सौर उर्जा स्ट्रीट लाईट में सुधार कराने लगातार चक्कर लगा रहे है लेकिन इस और कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग की है।



## पेज 11 के शेष...

### एसडीएम की संयुक्त...

होता रहा पर प्रशासन की टीम कारवाई पर अडिग रही। एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, तहसीलदार सुशील कुमार भोई और अजय चंद्रवंशी ने कहा अवैध कारोबार पर नकेल कसने इसी प्रकार कारवाई होती रहेगी।

**कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप-** गरियाबंद में ओडिसा सीमा से हो रही धान की तस्करी पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवभोग पुलिस ने थाना क्षेत्र से लगे ओडिसा के कालाहांडी, नवरंगपुर,और नुआपड़ा जिले के सीमा से छत्तीसगढ़ में खपाने लाए जा रहे धान से लदे कई पिकअप को जप्त किया है। 400 पेकेट धान को मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही के लिए पत्र भेजा गया है। पुलिस के इस कार्यवाही से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### धान खरीदी सीजन ...

केवाईसी और एआई आवाज वाले फ्राड काल से दूर रहने की बात कही है। इसके अलावा पुलिस ने डिजिटल गिरफ्तार जैसे नए आनलाइन धोखे से भी आगाह किया है। अपराधी खुद को पुलिस या सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को खाते ब्लाक होने की धमकी देते हैं और पैसे जमा करने का दबाव बनाते हैं। अगर किसी किसान को संदिग्ध व्यक्ति नजर आए या लगे कि कोई पीछा कर रहा है, तो तुरंत कंट्रोल रूम नंबर 94791-91071 या डायल नंबर 112 पर संपर्क करें। आपराधिक गतिविधि सूचना हेल्प लाइन नंबर 94792-25884, और सायबर फ्राड हेल्प लाइन नंबर 1930 है छुरा पुलिस का साफ संदेश-जागरूक किसान ही सुरक्षित किसान। साथ ही, नागरिकों से आग्रह किया गया है कि इस सूचना को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाएं ताकि किसी ठगी या अपराध से बचा जा सके।

### युवा रत्न सम्मान...

में 1 युवा को 1 लाख रूपये पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र, एक शॉल प्रदान की जायेगी। युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास) के पुरस्कार में केवल महिलाओं, बालिकाओं को ही प्रदाय की जायेगी। एक श्रेणी का युवा रत्न सम्मान, किसी व्यक्ति संगठन, संस्था को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा। इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा आयु 15 से 29 वर्ष (जिस वित्तीय वर्ष के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाना है, उसके 01 अप्रैल को उसकी आयु 15 वर्ष पूर्ण तथा 31 मार्च में आयु 29 वर्ष से कम होना चाहिए) के बीच होना चाहिए। युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आवेदन 30 नवम्बर 2025 तक कार्यालय कलेक्टर, खेल एवं युवा कल्याण, जिला गरियाबंद में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### ब्लाक कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक मतदाता सूची शुद्धीकरण पर फोकस

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित विश्रामगृह में गुरुवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी का बैठक आयोजित किया गया जिसमें सभी बुथ के अध्यक्ष, बुथ एजेंट मंडल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेस की एसआईआर महासमुन्द लोकसभा प्रभारी तारणी चन्द्राकर एवं बिन्दानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा किया साथ ही तारणी चन्द्राकर ने कहा की कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुचकर बीएलओं के साथ यह सूनिश्चित करेगें की सभी मतदाताओ के फार्म जमा हो जाए समिति का मकसद एसआईआर प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाया रखना और मतदाता सूची से नाम काटने जैसे शिकायतों की निगरानी करना। विधायक जनक ध्रुव ने भी इस संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लाक महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदु नेगी, निहाल नेताम, शाहिद मेमन, सामन्त शर्मा, डोमार साहू, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, दुलेन्द्र नेगी, पुनीत ध्रुव, हुलार कश्यप, टीकम कपिल, हरिशचंद नेगी, भुनेश्वर नेगी, पिलेश्वर सोरी, सुखदेव यादव, दयाराम यादव, गोलु नायक, निखिल नेताम, हिमांशु रामटेके, युगल किशोर पाण्डेय, गजेन्द्र यादव एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री गेंदु यादव ने किया।

### गुरुवार को लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। अगहन गुरुवार का काफी महत्व होता है। अगहन माह में हर गुरुवार महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कुंवारी कन्याओं के साथ ही शादीशुदा महिलाएं भी पूरे विधि-विधान से पूजा करती हैं। अगहन गुरुवार के मौके पर महिलाओं द्वारा मां लक्ष्मी की विशेष पूजापाठ की जाती है। अगहन माह के चारों गुरुवार को महालक्ष्मी की विधिवत पूजा की जाती है।

### जिला स्तरीय सब-जूनियर एवं जूनियर ट्रायल खो-खो प्रतियोगिता 23 को

**तेंदूकोना।** छत्तीसगढ़ एम्मच्योर खो-खो फेडरेशन एवं जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक, बालिका रायपुर एवं जूनियर वर्ग बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन जिला राजनांदगांव में आगामी दिनों में प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए जिले से टीम गठन के लिए चयन ट्रायल होगा। इसके लिए जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता 23 नवंबर रविवार को मिनी स्टेडियम में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता/चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए जिला के खो-खो क्लबों, स्कूल, क्रीड़ा परिसर के बालक बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते है। सब जूनियर वर्ग बालक, बालिका की आयु गणना 04 फरवरी 2026 की स्थिति में 14 वर्ष से कम एवं जूनियर वर्ग बालक बालिका की आयु गणना 06 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

## निधन

### कौशिल्या बाई अडवंशी

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा निवासी दुखुराम अडवंशी की धर्मपत्नी कौशिल्या बाई अड़वंशी का 19 नवंबर को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम में गुरुवार सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे शिक्षक विनोद अडवंशी के माता थी।



**धान खरीदी :** जिले में धान खरीदी धीमी, 90 में से 6 उपार्जन केंद्र 5 दिन बाद भी बंद

# धान खरीदी में लापरवाही पर गिरी गाज, दो कर्मचारियों की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन स्थिति अभी तक पटरी पर नहीं आ पाई है। जिले के 90 उपार्जन केंद्रों में खरीदी होनी है, मगर इनमें से 06 केंद्र अभी भी बंद पड़े हैं, जिससे किसानों को रोजाना केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सहकारी समिति प्रबंधकों एवं कर्मचारी के हड़ताल में रहने का असर समर्थन मूल्य पर हो रहे धान खरीदी पर स्पष्ट दिख रहा है। जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में सबसे अधिक धान खरीदी कुण्डेल उपार्जन केंद्र में 1900 क्विंटल हुई है, जबकि सबसे कम खरीदी धवलपुर केंद्र में केवल 23 क्विंटल दर्ज की गई है। इससे खरीदी व्यवस्था की असमानता और अव्यवस्था साफ दिखाई दे रही है। जिले के 06 उपार्जन केंद्र छह दिन बाद भी बंद पड़े हुए है। इनमें प्रमुख रूप से कोयबा, चरोदा, कदलीमुड़ा, बिंद्रानवागढ़, बेलटुकरी और शोभा उपार्जन केंद्र शामिल है। इन केंद्रों में प्रशासन अब तक खरीदी शुरू नहीं करा सका है, जिससे हजारों किसानों की चिंता बढ़ गई है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब तक जिले में पंजीकृत किसानों से 46 हजार क्विंटल से अधिक धान खरीदी की गई है, लेकिन बंद केंद्रों की स्थिति ने खरीदी अभियान की गति को धीमा कर दिया है। इधर धान खरीदी में लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। धवलपुर समिति के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर ऋषिकांत मोहरे हड़ताल पर चले गए थे और कई अवसर देने के बावजूद कार्य पर नहीं लौटे। शासन के अनिवार्य सेवा कार्य की उपेक्षा को गंभीर मानते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी गई।





### किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर

मुड़गेलमाल समिति के प्रभारी प्रबंधक शिवकुमार सिन्हा पर भी धान खरीदी कार्य में लापरवाही और सेवा नियमों के उल्लंघन का आरोप पाया गया। प्राधिकृत अधिकारी ने उनके विरुद्ध भी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की है। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी की खराब व्यवस्था के चलते किसानों की बेचैनी बढ़ गई है तो वहीं प्रशासन के दावों पर भी सवाल उठ रहा है। केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया धीमी होने और कई केंद्रों के शुरू न होने से किसान परेशान हैं। कई गांवों में किसान प्रतिदिन उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं लेकिन खरीदी न होने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। प्रशासन भले ही खरीदी व्यवस्था को सुचारू बताने का दावा कर रहा हो, लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। बंद पड़े उपार्जन केंद्रों को जल्द शुरू करने और खरीदी गति तेज करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में प्रशासन मुस्तैद, वार्ड में लगाए जा रहे हैं शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य में प्रशासन न केवल मुस्तैदी से कर रही है बल्कि सभी वार्डो में शिविर के माध्यम से शासकीय अमला मतदाताओं के फॉर्म को भरने के लिए तत्परता से काम कर रही है। नगर के आम मतदाता भी शिविर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज के साथ फॉर्म जमा कर रहे है। नगर पालिका, राजस्व विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभिन्न वार्डो में पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को 4 दिसंबर तक पूर्ण करने के लिए तत्परता से जुटी हुई है। खास बात यह है कि आंगनबाड़ी दीदियां घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदाता फॉर्म भरने के लिए प्रेरित कर रही है। सीएमओ लवकेश पैकरा ने बताया कि शहर के सभी 21 वार्डो में प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तत्परता से लगी हुई है। नगर के सभी वार्डो में शिविर लगाए गए है। मतदाता फॉर्म भरने अथवा अन्य किसी जानकारी के लिए शिविर में उपस्थित अमले अथवा नगर पालिका से संपर्क कर सकते है। सभी मतदाताओं से अपील है कि 4 दिसंबर तक मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म भरकर एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ वार्ड प्रभारी कर्मचारी के पास जमा करें। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि एसआईआर मतदाताओं के मतदान के अधिकार को संरक्षित करती है। मतदाता सूची पुनरीक्षण का मूल उद्देश्य मतदाता सूची में वैध मतदाता का नाम दर्ज हो। नगर के सभी मतदाताओं से अपील है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डो में आयोजित शिविर में पहुंचकर एसआईआर फॉर्म आवश्यक दस्तावेज के साथ 4 दिसंबर तक जमा करें।



## विधायक ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन पंडित ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन नवापारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने लोगों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया। श्री साहू ने स्थानीय उत्पादों-उत्पादन को बढ़ावा तथा ज्यादा से ज्यादा स्थानीय उत्पादन की खरीदी करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 को साकार करने का आह्वान किया। छगन मुंदड़ा ने कहा कि युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हर व्यक्ति की सहभागिता जरुरी है। कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज,जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, ललिता वर्मा कार्यक्रम संयोजक संचित तिवारी,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू सहित अन्य अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया।



**ये थे उपस्थित-** इस अवसर पर जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, नवापारा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, भरत बैस, तोषण साहू, किशोर साहू, गौरव शर्मा, विवेक शर्मा, वरुण राठी, खेमराज कोसले, मुकेश ढीढी, उत्पल साहू, व्यासनारायण साहू, अनिल अग्रवाल, संजय साहू, ब्रह्मानंद साहू, प्रेमलाल साहू, परदेशी राम साहू, अशोक गंगवाल, रमेश पहाड़िया, योगिता सिन्हा, संगीता शर्मा, जीना निषाद, हर्षा कंसारी, साधना सौरज, बुद्धेश्वर साहू, पटेवा सोसायटी अध्यक्ष दौवा साहू, चेतना गुप्ता, मीना साहू, जागृति बंजारे, रानू साहू, चेतन साहू, सिंटू, सौरभ जैन, कैलाश साहू, संजीव सोनी, गुलशन साहू, लोमेश्वरी साहू, मयाराम साहू, राजू रजक, अनुज राजपूत, युवराज यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं आभार जिला उपाध्यक्ष विजय गोयल ने किया।

## विकास की गंगा हर गांव तक पहुंचना हमारा संकल्प : विधायक रोहित साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

■ ग्राम कौंदकेरा में विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

ग्राम कौंदकेरा में आज विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन राजिम विधायक रोहित साहू के करकमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति द्वय नंदनी ओमकार साहू, नंदनी कोमल डीडी, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर 370 हितग्राहियों स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के तहत महिला कास्टर भवन 20 लाख, साहू समाज भवन टिन शेड निर्माण 13 लाख, मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ 51 लाख, सीसी रोड निर्माण 7 लाख, उच्च माध्यमिक विद्यालय में सीसी रोड 5 लाख, रंगमंच 3 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही रामनगर और कौंदकेरा में उचित मूल्य की नवीन दुकान का भी शुभारंभ किया गया। विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहे हैं। राजिम क्षेत्र के हर गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा संकल्प है। जनता ने जो विश्वास हमें दिया है, उसे पूरा करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। आज एक ही गांव में 604 प्रधानमंत्री आवास जिसका आज भजमिपूजन एवं लोकार्पण करने का अवसर मिल रहा है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में ही संभव है, प्रत्येक माह एक हजार महतारी वंदन से मातृ शक्ति आर्थिक संपन्नता की ओर बढ़े है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि सरकार प्रत्येक विकास कार्य को प्राथमिकता देकर आगे बढ़ा रही है। पारदर्शिता और त्वरित क्रियान्वयन हमारी कार्यशैली की पहचान है। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाएँ गांवों की उन्नति का आधार बन रही हैं। जिला पंचायत सभापति नंदनी ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू जी के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में चहुमुखी विकास की हो रही है जो धरातल में देखने को मिल रहा है।

### संगठन और जनसेवा भाजपा की ताकत है

जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि जनपद स्तर पर विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि संगठन और जनसेवा भाजपा की ताकत है। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के समर्पण से विकास का मार्ग और मजबूत हो रहा है। इस अवसर पर सरपंच राधिका मनोज यादव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ओमकार साहू, नेहरू साहू, बाबुलाल साहू, द्विजलाल साहू, भारत साहू, नेमन साहू, महेश साहू, प्रमोद साहू, देवकी साहू, मधु नत्थानी, संजीव साहू, बेनीशंकर साहू, मनोज विश्वकर्मा, हीरालाल साहू, मुन्नालाल देवदास, भोला साहू सहित ग्राम के पंचगण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बहने सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

## प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अखिल भारतीय स्तर पर पूरे देश में जल संचय योजना मिशन के तहत देश के राष्ट्रपति महामहिम द्रोपति मुर्मू एवं जल संसाधन केंद्रीय मंत्री श्री पाटील के उपस्थिति में जिला कलेक्टर गरियाबंद भगवान दास उईके को सम्मानित किया गया जिससे गरियाबंद जिला का सम्मान जल संग्रहण के क्षेत्र में बढ़ा है। इस अवसर पर नगर पंचायत फिंगेश्वर के वरिष्ठ नेता जनप्रतिनिधि पत्रकार एवं व्यापारी गन की उपस्थिति में जिला कलेक्टर कार्यालय गरियाबंद को गुलदस्ता भेंट कर तथा फूलमाला पहना कर सम्मानित कर बधाई दी है। सम्मान करने वालों में से प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, पूर्व सरपंच वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश बंछोर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास वरिष्ठ व्यापारी एवं पत्रकार अरेंद्र पहाड़िया, पत्रकार जितेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता हरिशंकर श्रीवास्तव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद अनिल चंद्राकर, हर नारायण सूर्यवंशी, अशोक साहू, पूर्व पार्षद कमल यदु, अशोक सिन्हा आदि ने जिला कार्यालय गरियाबंद में उपस्थित होकर सम्मानित किया।




## ब्लाक के फाइनल विजेताओं को मिलेगा सांसद खेल महोत्सव में मौका : अग्रवाल

**अभनपुर।** जीवोदया नगर खेल ग्रांउड मे विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन मे मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बच्चो को संबोधित करते कहा कि रायपुर लोकसभा मे 85 हजार खिलाड़ी इस उत्सव मे भाग लिये है इसमे स्कूल,कॉलेज के बच्चो के साथ 60-70 वर्ष के लोग भी इस खेल मे हिस्सा ले रहे है। विकासखंड स्तर मे फाइनल जीतने वाले खिलाड़ी जिले मे आयोजित सांसद खेल महोत्सव मे खेलने का अवसर मिलेगा। खेल आयोजन के माध्यम से हमे भारत को स्वस्थ्य बनाना है,खेल जीतना जरूरी नही है खेल मे सम्मिलित होना जरूरी है जिन लोगो ने खेल मे भाग लिया है सभी को बधाई,खेल मैदान हमे बहुत कुछ सीखाता है,लेकिन उससे ज्यादा महत्वपूर्ण बच्चो को शिक्षको,रेफरी,निर्णायको व कोच के माध्यम से अनुशासन सीखने को मिलता है खेल का मैदान सीखने का सबसे बड़ा मैदान है,मैदान मे अगर अनुशासन आ गया तो जीवन सफल हो जाता है इसके लिए खेल के मैदान मे खेलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे यह आयोजन और भी व्यवस्थित व भव्य होगा यही परिकल्पना है कि गांव के बच्चे खेल मे भाग ले जिससे अनुशासन आयेगा,साथ ही गलत रास्ते मे जाने वाले बच्चो मे सुधार आयेगा इस अवसर पर उन्होने गातापार खेल मैदान मे चेजिंग रूम बनाने के लिए 10 लाख रूपये का घोषणा किये।

## शोभा पुलिस कर रही यौन शोषण से बचाव के लिए बच्चों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर के दूरस्त वनांचल की स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को जागरूक किया गया वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग निर्देशन पर पुलिस थाना शोभा प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल द्वारा क्षेत्र के दूरस्त वनांचल गरहाडीह शासकीय हाई स्कूल में महिला शिक्षिकाओं से सहायता लेकर बच्चों को गुड टच, बेड टच, बाल अपराधों से बचाव, बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी, पास्को एक्ट, नशे के दुष्प्रभाव, घरेलू हिंसा, ट्रैफिक नियमों के पालन करने,साइबर जागरूकता, ऑनलाइन ठगी से बचाव, फैसबुक, इंस्टाग्राम, वीडियो गेम डाउनलोड व इस्तेमाल में सावधानी बरतने, अंजान लिंक एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने, डिजिटल अरेस्ट, फोन पर धमकी आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी देकर बच्चों व शिक्षकों को जागरूक किया गया। इमरजेंसी नंबर डायल 112 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 जिला पुलिस गरियाबंद कंट्रोल, व्हाट्सएप नंबर एवं थाना शोभा का फोन नंबर भी शेयर किया गया। महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार अभिव्यक्ति एप के बारे में जानकारी देकर डाउनलोड करने प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित जन समुदाय को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।इस दौरान स्कूली बच्चे, प्राचार्य, शिक्षक गण, सरपंच पंच, कोटवार एवं सैकड़ो ग्रामीण जन शामिल रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं सक्षम अधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.मा.क्र./ /अ-2/ वर्ष 2025

क्र./ Q / अविअ./ वा-1/ 2025

देवभोग, दिनांक 18/11/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय ठाकुर पिता अनूप ठाकुर जाति क्षत्रीय, निवासी सरगीगुड़ा तहसील देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम देवभोग प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. व तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 315/18 रकबा 0.04 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो ईश्तहार/उद्घोषणा जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) देवभोग**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं सक्षम अधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.मा.क्र./ /अ-2/ वर्ष 2025

क्र./ Q / अविअ./ वा-1/ 2025

देवभोग, दिनांक 18/11/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुप कुमार अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल जाति बनिया निवासी धरमगढ़ तहसील धरमगढ़ जिला कालाहाण्डी (उड़ीसा) द्वारा ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. व तहसील देवभोग मे स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 154/3, 155/2 रकबा क्रमशः 0.07, 0.06 हे. भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो ईश्तहार/उद्घोषणा जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) देवभोग**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं सक्षम अधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.मा.क्र./ /अ-2/ वर्ष 2025

क्र./ Q / अविअ./ वा-1/ 2025

देवभोग, दिनांक 18/11/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बजरंग अग्रवाल पिता रामभगत अग्रवाल वगैरह निवासी धरमगढ़ तहसील धरमगढ़ जिला कालाहाण्डी (उड़ीसा) द्वारा ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. व तहसील देवभोग मे स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 71/6 रकबा 0.14 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो ईश्तहार/उद्घोषणा जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) देवभोग**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं सक्षम अधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.मा.क्र./ /अ-2/ वर्ष 2025

क्र./ Q / अविअ./ वा-1/ 2025

देवभोग, दिनांक 18/11/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बजरंग अग्रवाल पिता रामभगत अग्रवाल वगैरह निवासी धरमगढ़ तहसील धरमगढ़ जिला कालाहाण्डी (उड़ीसा) द्वारा ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. व तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 74/12 रकबा 0.12 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो ईश्तहार/उद्घोषणा जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) देवभोग**

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता में अभिनव कार्य के लिए सरपंच कीर्तिलता दीवान सम्मानित

**गरियाबंद।** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर राज्य स्वच्छ भारत मिशन द्वारा रायपुर के एक नीजि होटल में पंचायत मंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में, गरियाबंद ज़िले के फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत सरकड़ा की महिला सरपंच कीर्तिलता दीवान को स्वच्छता के क्षेत्र में अभिनव कार्य करने पर सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने अपने गाँव में स्वच्छाग्रही दीदियों के अलावा गांव में युवाओं का समूह बना कर गांव को स्वच्छता में एक नई पहचान दिलायी है। इस युवा दल में 20 नौजवान वर्ग के सदस्य प्रति सप्ताह गांव में भ्रमण कर गांव में स्वच्छता श्रमदान कर गांव की स्वच्छता की परिकल्पना को साकार कर रहे है।

### चौपाल लगाकर भराया गया एसआईआर फॉर्म



**राजिम।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद जानकी पटेल के नेतृत्व में पटेल पारा और तकियापारा में चौपाल लगाकर पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने एस आईं आर के बारे में वार्डवासियों को समझाते हुए सबके फॉर्म भरने में सहयोग किया। श्री पटेल ने वार्डवासियों से कहा कि एसआईआर में किसी को घबराने या डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह मतदाता सूची का पुनरीक्षण है, जिसमें अपना आधार कार्ड और 2003 की मतदाता सूची दिखाकर अपना नागरिकता सिद्ध करना है।

### कुम्हार समाज का कुराल पंचमी महापर्व 23 को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर के ग्राम नदीपारा में कुम्हार समाज द्वारा कुराल पंचमी महापर्व का आयोजन 23 नवम्बर से 26 नवम्बर तक किया गया है। इस दौरान 23 नवम्बर को कलश यात्रा के साथ मुर्ति स्थापना एवं 26 तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष जोगनी बाई, उपाध्यक्ष डिलेश्वरी, जामन्ती, संरक्षक उदेराम पाड़े, मंगल पाड़े, चोरन्तो पाड़े, लोचन चक्रधारी, बेनुराम पाड़े, सुहागा बाई, बालोबाई, पुरशोत्तम, कुन्तलो एवं समस्त कुम्हार समाज द्वारा कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है।

### आनंद मेला आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय द्वारा 21 नवम्बर दिन शुक्रवार को स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया है जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारिया छात्र-छात्राओं द्वारा किया जा रहा है।

### अगहन गुरुवार को लक्ष्मी की विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में महिलाओं ने अगहन गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। अपने-अपने घर आंगन को रंगोली एवं चावल आटा से पदचिन्ह बनाया गया। गांव के कामिनी बाई निर्मलकर, चंपेश्वरी बाई, नीतू बाई, संतोषी बाई ठाकुर, पुष्पा बाई, हीरामती, धनेश्वरी बाई, कौशिल्या बाई आदि ने अपने घरों में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

### जिला पंचायत में विशेष शिविर आज

**महासमुंद।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को उनके असली मालिकों को लौटाने के लिए एक विशेष पहल के तहत आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान की शुरुआत की गई है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अभय पारे ने बताया कि इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके बिना दावे वाली संपत्तियों को जैसे निष्क्रिय बैंक खाते को पुनः प्राप्त करने में मदद करना है।

**समस्या : आए दिन हो रहे हादसे, बस स्टैंड के पास अब तक नहीं बना ब्रेकर**

# रिहायशी इलाके में दिन में हाइवा का आतंक, दुर्घटना होने का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के रिहायसी ईलाका में इन दिनों एक बार फिर दिन में हाइवा चलने लगा है। जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ये हाइवा काफी तेज रफ्तार में बुड़ेनी-नवागांव की ओर से आती है। बेलाही घाट पुल को पार कर सोमवारी बाजार होते हुए शहर के बीच में घुसकर गंज रोड होते हुए रायपुर की ओर निकलती है। ऐसे तेज रफ्तार हाइवा के कारण पहले भी शहर के बीच एक नही कई दुर्घनाएं हो चुकी है। होने वाली इन दुर्घटनाओं में लोगों की जाने भी जा चुकी है। अब फिर रेत घाट वाले दुस्साहस दिखाते हुए शहर के बीच से दिन में भी चलाने लगे है। इससे कभी भी हादसा हो सकती है। बता दें कि यह शहर एक व्यापारिक शहर के रूप में जाना जाता है और जिस रोड से ये हाइवा गुजरती है। उस गंज रोड में तरह-तरह के व्यापारिक संस्थान है। खरीददारी करने के लिए शहर के लोगो के अलावा आसपास के गांव से ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पहुंचते है। गंज रोड में दिन भर मोटर गाड़ियो और लोगो के चहल-पहल से आबाद रहता है। ऐसे बड़े वाहनो के चलते दिक्कते आती है। अधिकांश हाइवा के ड्राइवर नौसीखिए होने के साथ-साथ तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते है। समय आने पर वे इस पर कंट्रोल करने में असमर्थ होते है। बेलाही घाट पुल क्रॉस करने के बाद सोमवारी बाजार का रास्ता मोड़ वाला है। इसी मार्ग पर स्टेट बैंक ,कृषि ऊपज मंडी ,सब्जी मंडी,सरकारी अस्पताल, नगर पालिका कार्यालय,शासकीय हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल, और छोटे बच्चो का बचपन स्कूल है। बीच में दो मंदिर है। काली माता और कर्मा माता का मंदिर। इसके अलावा मंडी और नगर पालिका तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक का तिराहा भी पड़ता है। मतलब सोमवारी बाजार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक एक फर्लांग तक बहुत ही कंजस्टेड रोड है। इस पर यदि दिन में हाइवा दौड़े तो समझा जा सकता है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ठीक इसी तरह रायपुर रोड में कॉलेज,स्कूल और बड़ी-बड़ी अस्पताले है जहां दिन भर लोगो का आना-जाना लगा रहता है।





**कार्रवाई की मांग**

स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित समय में दिन में चलने वाले हाइवा पर कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी तरह से बड़ी घटना-दुर्घटना न हो।

**विभाग नहीं दे रहा ध्यान**

बता दें कि रेल्वे क्रासिंग के पास बहुत ही बेढंगा ब्रेकर बनाया गया है जिसमें लोग रोज गिर रहे है। जबकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से गरियाबंद मार्ग पर दो-तीन संवेदनशील स्थानों पर ब्रेकर की मांग करते नागरिक थक गए मगर इस पर नेशनल हाइवे और लोक निर्माण ने जरा भी ध्यान नहीं दिया। बस स्टेण्ड का प्वाइंट तो बहुत ही खतरनाक हो चुका है। लोग रफ्तार में पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक को क्रास कर चलते है। इस जगह में दो-तीन ब्रेकर बनाने की जबर्दस्त आवश्यकता है। इसी तरह चंपारण चौक तिगड्डे में रिलायंस पेट्रोल पंप, मैडम चौक और पारागांव-इंदिरा मार्केट के बीच रोड में एक भी ब्रेकर नहीं है। अनियंत्रित गति में गाड़ियां दौड़ती है। आखिर लोक निर्माण विभाग और नेशनल हाइवे ध्यान क्यों नहीं दे रहा यह समझ से परे है? जबकि इस विभाग में कार्यरत इंजीनियर लोकल है। इनके रहते ब्रेकर जैसा छोटा काम भी नहीं हो पा रहा है यह समझ से परे है। जबकि वे स्वयं रोज इस मार्ग से गुजरते है। रोड का चौड़ीकरण होने से वाहनों का रफ्तार फूल रहता है। बीच-बीच में डिवाइडर बनाया जरूर गया है मगर उनका भी हाल खंडहर जैसा है। विभाग ने अब तक न तो उसे सही कराया,न ग्रील लगाया और न हरियाली आई जबकि रोड चौड़ीकरण के साथ -साथ ये सारे कार्य उससे जुड़ा हुआ था।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में कौन्दकेरा की छात्रा यशोदा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में गरियाबंद जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा की छात्रा यशोदा साहू का राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी और पश्चिम भारत विज्ञान मेला में दिए गए थीम जल संरक्षण एवं प्रबंधन में तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल और जिले को गौरवान्वित किया है। इस प्रदर्शनी में नो जोन के अलग अलग जिले से प्रत्येक थीम पर विद्यार्थी भाग लिए जिसमें छात्र ने अपने अच्छे प्रस्तुतिकरण से स्थान बनाया। अक्सर समाचारों में सुना व पढ़ा जाता है कि गर्मी के समय में पानी की समस्या सभी शहरों एवं गांवों में देखी गई है। इस समस्या पर यशोदा साहू द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट के द्वारा भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने व कारखानों से निकलने वाले कैमिकल युक्त पानी, घरों से दैनिक उपयोग के पानी, बारिश के दिनों में सड़कों में भरने वाला पानी व बारिश के पानी को संरक्षित कर रिचार्जवेल के द्वारा पुनः उपयोगी बनाया जा सकता है। शहरों में बनाए जा रहे टाउन एंड कंट्री प्रोजेक्ट व हाउसिंग बोर्ड में इस सिस्टम को लागू किया जा सकता है। प्रतियोगिता का संपूर्ण दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रोजेक्ट निर्माण, प्रस्तुतिकरण विद्यालय के विज्ञान प्रभारी मीनाक्षी शर्मा एवं व्याख्याता सतीश मालवीय के दिशा निर्देशन में कार्य किया। विद्यालय के छात्र का राष्ट्रीय स्तर में चयन होने पर जगजीत सिंह धीर जिला शिक्षा अधिकारी, बुद्धविलास सिंह सहायक राज्य परियोजना अधिकारी, ज्ञानेन्द्र शर्मा नोडल जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं संस्था के प्राचार्य एमआररात्रे एवं रितेश पटेल सर ने शुभकामनाएं दी है।

## घटारानी के वन क्षेत्र में आईएसबीएम विश्वविद्यालय का सर्वेक्षण अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा को घटारानी के आसपास के वन क्षेत्र में औषधीय पौधों का एक दिवसीय सर्वेक्षण अभियान आयोजित किया गया। इस सर्वे का उद्देश्य स्थानीय जंगलों में पाए जाने वाले महत्वपूर्ण औषधीय पौधों की पहचान, उनके पारंपरिक उपयोगों का अध्ययन तथा भविष्य में औषधीय अनुसंधान को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डां.) आनंद महलवार द्वारा हरी झंडी दिखाकर सर्वे दल को रवाना करने के साथ की गई। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव डां. बी. पी. भोल, आईक्यूएसी निदेशक डां. एन कुमार स्वामी, एवं सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। फार्मेसी विभाग के प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में छात्रों की टीम ने विभिन्न प्रजातियों जैसे शतावरी, अश्वगंधा, गिलोय, नीम, तुलसी, चिरायता, हर्रा, बहेरा, आंवला सहित कई दुर्लभ जड़ी-बूटियों की पहचान की और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा भी की। सर्वे दल के प्रभारी अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि प्राकृतिक वन संपदा हमारे स्वास्थ्य और शोध कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस तरह का फील्ड सर्वे छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है और उन्हें औषधीय पौधों के वैज्ञानिक व पारंपरिक महत्व को समझने में सहायक होता है।विश्वविद्यालय प्रबंधन ने फार्मेसी विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण तथा औषधीय अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विभाग ने आगे भी ऐसे शैक्षणिक व शोध आधारित कार्यक्रम जारी रखने की घोषणा की है।

### प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर 13 लाख के तीन विकास कार्यों को स्वीकृति

**गरियाबंद।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने 3 निर्माण कार्यों के लिए 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड छुरा, अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के ग्राम रक्शी में सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत कनसिंघी में सीसी रोड निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत रजनकटा के ग्राम खटटी में रंगमंच निर्माण कार्य रामकोठी के पास कराया जाएगा। प्रत्येक तीनों निर्माण कार्य के लिए पृथक-पृथक रूप से क्रमशः 5-5 लाख रूपये एवं 3 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा को सौंपा गया है।

## ग्राम डांगनबाय में मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को और अधिक सटीक और त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम डांगनबाय (बूथ क्रमांक 139) में एक विशेष एसआईआर फॉर्म भरने का शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में शिक्षिका मीना यादव और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हिरमिशी नेताम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, पुरानी जानकारी में सुधार/परिवर्तन, पते में बदलाव, और मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई। नागरिकों को ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भरने की भी आवश्यक जानकारी दी गई। एसआईआर फॉर्म के माध्यम से मतदाता सूची में निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। मतदाता सूची में नया नाम जोड़ना। पुरानी जानकारी में सुधार/परिवर्तन करना। पते में बदलाव करना। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन करना। इससे मतदाता सूची अधिक सटीक और पारदर्शी बनती है, जो चुनाव प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है।



**अंतिम तिथि से पहले करें आवेदन**

शिविर के दौरान बीएलओ और संबंधित अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों को अवगत कराया कि एसआईआर फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूट न जाए, इसके लिए अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन करना आवश्यक है। गरियाबंद जिले और ब्लॉक स्तर पर बीएलओ और संबंधित अधिकारी शिविरों एवं घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से मतदाताओं को फॉर्म भरने में लगातार सहायता कर रहे हैं। यह पहल क्षेत्र में मतदाता जागरूकता बढ़ाने और एक शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो रही है। इस मौके पर समाजसेवी शीतल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### वार्ड 14 में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

**राजिम।** नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने वार्ड नंबर 14 में तालाब सौंदर्यीकरण के लिए पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति मंशा राम कुर्रे, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, सुरेश पटेल, बूथ अध्यक्ष राजेश साहू, छत्रपाल वर्मा, जितेंद्र साहू, मनीष साहू, पूर्व पार्षद कमलनारायण वर्मा, खिलेश्वर साहू, मनीष साहू, छेरकू वर्मा, पंचराम साहू, ठेकेदार सद्दाम मौजूद थे। बता दें कि विधायक रोहित साहू के प्रयास से नगर में बन रहे 86 लाख रूपए के लागत से टंकी निर्माण, 17 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड ,10 लाख रूपए की लागत से मां शीतला मंदिर में ,बाउंड्रीवाल ,इसके अलावा वार्ड में डामरीकरण नंदी महाराज के पास ही सीसी रोड ,पानी टंकी के पास बोर खनन के काम को अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि वार्ड में लगातार हो रहे विकास और निर्माण कार्यो के चलते वार्डवासियो ने प्रसन्नता जाहिर किया है। वार्ड पार्षद कुलेश्वर साहू ने हो रहे निर्माण कार्यो का श्रेय विधायक रोहित साहू को देते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि वार्ड में जितनी भी समस्याएं है उसे दूर करने के लिए वे संकल्पित है। वार्डवासियो के ईच्छा के अनुरूप सारे निर्माण और विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण हो रहे है।

## शिविर में 250 ग्रामीणों का हुआ नेत्र, सिकलिन और स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय के बैनर तले, ग्राम सिर्रीकला विकासखंड फिंगेश्वर में सतत विकास के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के आज तीसरे, चौथे एवं पांचवे दिन क्रमशः नेत्र जांच, सिकलिन एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन अटल चौक सिर्रीकला में किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला गरियाबंद के निर्देशानुसार डॉ. शिल्पा हरिरमानी (चिकित्सा अधिकारी) एवं टीम चिरायु दल समस्त अधिकारी कर्मचारी, योगानन्द चक्रधारी, (नेत्र सहायक अधिकारी), डॉ. मनोज कुमार चिकित्सा अधिकारी, आरएचओ टेकन साहू, आरएचओ सुशीला दिवान, सीएचओ सुमन साहू उपस्थित थे।नेत्र जांच शिविर में स्वयंसेवकों की सहायता से ग्रामवासियों का ऑखों के स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया गया और आँखों से संबंधित समस्याओं का मुफ्त में इलाज किया गया।शिविर में आँखों की सामान्य जांच, चश्मे देने, दवाएं उपलब्ध कराने और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, भारत सरकार द्वारा 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सिकल सेल रोग से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान करने, उन्हें बीमारी के बारे में शिक्षित करने और उनकी रोकथाम के उपायों के बारे में बताने शिविर में रक्त के 250 नमूने लिए गए, रक्त में असामान्य हीमोग्लोबिन की पहचान की गई। शिविर में सामान्य शारीरिक परीक्षण के साथ-साथ रक्तचाप, मधुमेह (शुगर), और आंखों की जांच की गई। इस प्रकार करीब 250 ग्रामवासियों का स्वयंसेवकों की सहायता से नेत्र, सिकलिन एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक किया गया। शिविर के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे एवं सरपंच कोमन राम धुरव सिर्रीकला ने सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों एवं सभी ग्रामवासियों के विशेष सहयोग के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

**पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ सीड बाल भेंट की**

## सीड बाल जैसे प्रयास समाज में नई पर्यावरण संस्कृति गढ़ते हैं : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

'एक लाख सीड बाल महाअभियान' के अंतर्गत शासकीय रामबिशाल पांडे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अभियान के तहत एसडीएम विशाल महाराणा, डिप्टी कलेक्टर अंजली खलको तथा तहसीलदार मयंक अग्रवाल को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ सीड बाल भेंट किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने बच्चों से सीड बॉल से संबंधित जानकारियों पर चर्चा की। एसडीएम द्वारा पुछे जाने पर छात्रा लक्ष्मी वर्मा और मोहिनी साहू ने बताया कि सीड बॉल अभियान के पीछे मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक रूप से कम लागत में पर्यावरण संरक्षण को आसान बनाना है। याचना, भारती, खुशी साहू ने अधिकारियों को बताया कि सीड बाल मिट्टी, गोबर एवं चुने हुए बीजों से तैयार किए जाते हैं, जिन्हें खुले क्षेत्रों में डालने पर वर्षा के संपर्क में आने से प्राकृतिक रूप से अंकुरण होने लगता है और समय के साथ पौधे विकसित होते हैं। एसडीएम विशाल महाराणा ने संयोजक शिक्षकों और छात्रों की सराहना करते हुए कहा बच्चों द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। ऐसी पहलें समाज में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करती हैं।

**हरियाली बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा**



डिप्टी कलेक्टर अंजलि खलको ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाती हैं और भविष्य के नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती हैं। तहसीलदार मयंक अग्रवाल ने इसे सरल, प्रभावी और प्रेरक पहल कहा। बच्चों का उत्साह देखकर प्रसन्नता हुई। यह अभियान निश्चित रूप से हरियाली बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। मोनिका साहू, मयंक पटेल, अन्नय, विवेक, खिलेश्वर, कीर्ति, जान्हवी, रिषभ सेन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीड बाल के पैकेट भेंट किए। अभियान के संयोजक ईको क्लब डीआरजी सागर शर्मा एवं मिशन लाइफ इको क्लब प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि इस वितरण अभियान का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरणित गतिविधियों से जोड़कर समाज में हरियाली बढ़ाने की दिशा में योगदान देना है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य संजय एक्का, व्याख्याता गिरवर यादव परसदा, भोला मांड़े भसेरा, सेजेस व्याख्याता साक्षी जपे, प्रणीति चंद्राकर, कैलाश साहू, नारायण साहू,जितेन्द्र साहू, नीता यादव, सरिता साहू, साक्षी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, बीएलओ ने बच्चों की इस पहल की सराहना की।

